# महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय, पिल्लूखेड़ा (जींद)

## Activity Report

**NSS and RED CROSS**

दिनांक 08 मई , 2024 को महर्षि जमदग्नि राजकीय महिला महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में डॉ तनाशा हुड्डा के निर्देशन व श्रीमति बबीता पवार की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वयं सेवा योजना इकाई व युवा रेड क्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर सेमिनार का आयोजन करवाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कार्यकारी प्राचार्या श्रीमती बबीता पवार के सम्बोधन से हुई। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय रेड क्रॉस दिवस मानवीय कार्यों और सिद्धांतों का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है । इस दिन लोगों को करुणा, प्रेम, स्नेह, समर्थन व उपचार के महत्व की याद दिलाई जाती है। श्री रमेश कुमार ने बताया कि विश्व में शांति और स्थिरता की आवश्यकता के लिए रेड क्रॉस का जन्म हुआ है। यह आपातकाल के बीच मानवता, सहानुभूति और एकता के महत्व के संकेत के रूप में काम करती है। श्री संजय कुमार ने बताया कि विश्व रेड क्रॉस दिवस मनाकर लोग मानवीय सहायता देने व दुनिया भर में मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने में रेड क्रॉस के अनिवार्य कार्यों के लिए अपना समर्थन दिखा सकते हैं। श्री ग्रीन कुमार ने भी रेड क्रॉस के महत्व पर छात्राओ को महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस मौके पर शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

Ravinder
NSS P.O.

08/05/24
I/c Principal
Principal
Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr.

Scanned with OKEN Scanner

# महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय, पिल्लूखेड़ा (जींद)

## Activity Report

### NSS and RED CROSS

आज दिनांक 28 मई ,2024 को मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के उपलक्ष्य में महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लुखेड़ा (जींद) मे प्राचार्या डॉक्टर तनाशा हुड्डा के निर्देशन एवं कार्यकारी प्राचार्य श्रीमान रमेश कुमार की अध्यक्षता मे महिला प्रकोष्ठ व एनएसएस व रेडक्रास के तत्वाधान में व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में श्री कुलदीप सिंह किशोरावस्था स्वास्थ्य सलाहकार सीएससी कलवा से मौजूद रहे । सबसे पहले महाविद्यालय कार्यकारी प्राचार्य श्री रमेश कुमार ने उनका महाविद्यालय प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत किया। पीरियड्स के दौरान साफ सफाई की जागरूकता को लेकर 28 मई को विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया जाता है। इसकी शुरुआत साल 2014 में जर्मनी में हुई थी। इसको मनाने का उद्देश्य लड़कियों महिलाओं को पीरियड्स के उन पांच दिनों में स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए जागरूक करना है । इस दौरान क्या-क्या सावधानियां बरतनी चाहिए इस बारे में बहुत सी महिलाओं को नहीं पता होता। जिससे वह खुद के स्वास्थ्य को खतरे में डाल देती हैं। श्रीमती सुरक्षा ने पीरियड्स के दौरान महिलाओं के शरीर में होने वाले कमर और पेट दर्द,उल्टी होना, चक्कर आना, पैरों में दर्द आदि की समस्याओं के बारे में छात्राओं से विस्तार मे बातचीत की तथा उन्होंने इस समय क्या-क्या सावधानियां बरतनी चाहिए तथा इस दौरान क्या-क्या बीमारियां लग सकती हैं। इन सब बातों पर भी विस्तार से बातचीत की छात्राओं ने भी अपने शरीर में होने वाली समस्याओं को साझा किया तथा उनका समाधान पूछा। सब बच्चों ने बड़े उत्सुकता से व्याख्यान को सुना और इस मौके पर 150 के करीब छात्राएं उपस्थित रही एन एस एस की संयोजिका श्रीमती रविंद्र ने उनका धन्यवाद किया। इस मौके पर महाविद्यालय के शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

Ravinder
NSS P.O.

28/05/24
for Principal
Principal
Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr.

Scanned with OKEN Scanner

# महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय, पिल्लूखेड़ा (जींद)

## Activity Report

### *INTERNATIONAL YOGA DAY*

**NATIONAL SERVICE SCHEME & YOGA CLUB**

दिनांक **21 जून, 2024** को महर्षि जमदग्नि राजकीय महिला महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में प्राचार्या डॉक्टर रचना शर्मा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वयं सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।सबसे पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना अधिकारी श्रीमाती रविंद्र ने कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के पहुचने पर उनका स्वागत किया। योगाचार्य श्रीमान रोहतास आर्य जी ने छात्राओं को विभिन्न प्रकार के योग करवाए।छात्राओ ने बहुत रुचि लेकर सभी योगासन व प्राणायाम किए। महाविद्यालय प्राचार्या ने बताया कि योग के मामले में भारत विश्व गुरु है।भारत ने योग को अंतर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई और योग के ज़रिए सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा दिया। योग शारीरिक और मानसिक सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। यह शरीर को रोगमुक्त रखता है और मन को शांत करने में मदद करता है। एनएसएस की संयोजिका श्रीमति रविंद्र ने बताया कि साल **2024** के लिए योग दिवस की थीम - **"Yoga for self and society"** रखी गई है। उन्होने बताया कि "जो करते हैं योग, उन्हें कभी नही छूता रोग"। उन्होने कहा कि इस भागदौड़ भरी जिंदगी में स्वस्थ रहने का आसान उपाय यही है।रोहतास जी ने योगा के बारे मे छात्राओ को बहुत महत्वपूर्ण जानकारी दी। बहुत बड़ी संख्या मे छात्राओ ने इस कार्यक्रम मे भाग लिया। छात्राओ व स्टाफ सदस्यो ने योग को अपने जीवन मे अपनाने की शपथ ली।अंत मे प्राचार्या डॉक्टर रचना शर्मा ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिकतर शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

Ravinder 21/6/24
**NSS P.O.**

Sharma 21.6.24
**Principal**

Principal
Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr.

Scanned with OKEN Scanner

विद्यालय. पिल्लूखेड़ा (जींद)


# महर्षि जमदग्नि राजकीय महिला महाविद्यालय पिल्लू खेड़ा

**Activity Report**
(Har ghar Tiranga Campaign)
National Service Scheme

Date:-12-08-2024

महर्षि जमदग्नि राजकीय महिला महाविद्यालय पिल्लू खेड़ा में हर घर तिरंगा अभियान के तहत दिनांक 12 अगस्त, 2024 को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के तहत की गई थी।समारोह की अध्यक्षता प्राचार्या श्रीमती रचना शर्मा ने की। महाविद्यालय की छात्राओं व स्टाफ सदस्यों ने अपने घरों में 15 अगस्त तक तिरंगा झंडा फहराने व तिरंगे झंडे के सम्मान को बनाए रखने की शपथ ली ।शपथ ग्रहण समारोह का उद्देश्य छात्राओं में देशभक्ति की भावना भरना तथा छात्राओं के द्वारा उनके परिवार जनों को भी तिरंगे झंडे को फहराने और उसका सम्मान करने के लिए प्रेरित करना है ।राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रविंद्र ने छात्राओं को शपथ दिलाई व उन्हें तिरंगे का सम्मान करने तथा 15 अगस्त तक सब अपने घरों में तिरंगा फहराने का महत्व बताया। प्राचार्या श्रीमती रचना शर्मा ने बताया कि हमें आजादी देशभक्तो के संघर्षों से मिली है तथा हमें उनके बलिदान को भूलना नहीं चाहिए। शहीदों को याद रखना ,उनका सामान रखना उनके बताए रास्ते पर चलना व देश की आजादी को बनाए रखना ही शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है हर घर तिरंगा अभियान के तहत ही राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना की स्वयंसेविकाओं द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया गया।अवसर पर महाविद्यालय के सभी टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।





Seen
Sharma 21.8.24

Ravnl.
NSS PO

Principal
Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr.

# महर्षि जमदग्नि राजकीय महिला महाविद्यालय पिल्लू खेड़ा

**Activity Report**
(Ek Ped Maa ke naam Campaign)
National Service Scheme

Date:-12-08-2024

महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना इकाई के तत्वाधान में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉक्टर रचना शर्मा ने की। स्वयंसेविकाओं ने जामुन ,बेलपत्र ,अमरूद आदि पेड़ों के पौधे लगाए एवं उनका ध्यान रखने की शपथ ली। प्राचार्या डॉक्टर रचना शर्मा ने बताया कि पौधों से हमें ऑक्सीजन मिलती है व फल सब्जियां तथा विभिन्न खाद्य सामग्रीय प्राप्त होती हैं। पौधे हमारे जीवन के लिए बहुत आवश्यक है हमें अपने जीवन में अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए।राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रविंद्र ने छात्राओं को अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। सभी टीचिंग में महाविद्यालय के सभी टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ सदस्य होने पौधारोपण में भाग लिया।




Ramneet
NSS PO


Seen
Sharma 21-8-2
Principal
Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr.


# महर्षि जमदग्नि राजकीय महिला महाविद्यालय पिल्लू खेड़ा

**Activity Report**
(Har ghar Tiranga Campaign)
National Service Scheme

Date:- 13-08-2024

महर्षि जमदग्नि राजकीय महिला महाविद्यालय पिल्लू खेड़ा में हर घर तिरंगा अभियान के तहत दिनांक 13 अगस्त, 2024 को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के तहत की गई थी।समारोह की अध्यक्षता प्राचार्या डॉक्टर रचना शर्मा ने की। महाविद्यालय की छात्राओं व स्टाफ सदस्यों ने अपने घरों में 15 अगस्त तक तिरंगा झंडा फहराने व तिरंगे झंडे के सम्मान को बनाए रखने के लिए पिल्लूखेड़ा गांव मे यात्रा निकाली ।इस यात्रा का उद्देश्य छात्राओं में देशभक्ति की भावना भरना तथा छात्राओं के द्वारा उनके परिवार जनों व सभी गांववासियो को भी तिरंगे झंडे को फहराने और उसका सम्मान करने के लिए प्रेरित करना है ।राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रविंद्र ने छात्राओं को शपथ दिलाई व उन्हें तिरंगे का सम्मान करने तथा 15 अगस्त तक सब अपने घरों में तिरंगा फहराने का महत्व बताया। प्राचार्या श्रीमती रचना शर्मा ने बताया कि हमें आजादी देशभक्तो के संघर्षों से मिली है तथा हमें उनके बलिदान को भूलना नहीं चाहिए। शहीदों को याद रखना ,उनका सामान रखना उनके बताए रास्ते पर चलना व देश की आजादी को बनाए रखना ही शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। अवसर पर महाविद्यालय के सभी टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।





Seen
Sharma 21.8.24
Principal
Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr.

Ramdevi
NSS PO

# महर्षि जमदग्नि राजकीय महिला महाविद्यालय पिल्लू खेड़ा

**Activity Report**
**(Har ghar Tiranga Campaign)**
**National Service Scheme** **Date:-14-08-2024**

महर्षि जमदग्नि राजकीय महिला महाविद्यालय पिल्लू खेड़ा में हर घर तिरंगा अभियान के तहत दिनांक 14 अगस्त, 2024 को सेल्फी विद तिरंगा का आयोजन किया गया। हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के तहत की गई थी।समारोह की अध्यक्षता प्राचार्या डॉक्टर रचना शर्मा ने की। महाविद्यालय की छात्राओं व स्टाफ सदस्यों ने तिरंगा झंडा के साथ सेल्फी लेकर हर घर तिंरगा के पोर्टल पर अपलोड की ।इसका उद्देश्य छात्राओं में देशभक्ति की भावना भरना तथा छात्राओं के द्वारा उनके परिवार जनों व सभी गांववासियो को भी तिरंगे झंडे के साथ सेल्फी लेने और उसका सम्मान करने के लिए प्रेरित करना है ।राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रविंद्र ने छात्राओं को तिरंगे का सम्मान करने तथा 15 अगस्त को सभी छात्राओं को अपने घरों में तिरंगा फहराने को कहा। प्राचार्या श्रीमती रचना शर्मा ने बताया कि हर घर तिंरगा अभियान का उद्देश्य नागरिकों और भारतीय ध्वज के वीच व्यक्तिगत संबंध स्थापित करना है। उन्होने बताया कि शहीदों का सम्मान करना उनके बताए रास्ते पर चलना ही शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है । इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।




NSS PO

Seen

Principal
Maharshi Jamadagni

# महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय ,पिल्लूखेड़ा (जींद)

**ACTIVITY REPORT**

**(INDEPENDENCE DAY CELEBRATION)**

**In collaboration with**

**NSS & CULTURAL COMMITTEE**

Memo no:- 2079

DATED:- 21/08/2024

महर्षि जमदग्नि राजकीय महिला महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में दिनांक 15 अगस्त ,2024 को हमारे देश की आजादी का 78 वा स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम व हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया ।राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना एवं सांस्कृतिक गतिविधि समिति के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्या डॉक्टर रचना शर्मा के निर्देशन में व कार्यकारी प्राचार्या श्रीमती बबीता पवार की अध्यक्षता में किया गया। सबसे पहले सुबह कार्यकारी प्राचार्या श्रीमती बबीता पवार द्वारा महाविद्यालय की बी ए फाइनल ईयर की छात्रा तनु जिसने महाविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है, के द्वारा ध्वजारोहण करवाया गया। उन्होंने छात्राओं को 78 वे स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी और आजादी का महत्व बताया। उन्होंने बताया कि आजादी हमें शहीदों के संघर्षों और त्याग से मिली है। हमें इसे आत्मसम्मान करने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना अधिकारी श्रीमती रविंद्र ने छात्राओं मे आजादी को बनाए रखना व अपने दिलों में देश प्रेम की भावना जगाए रखने की अपील की ।ध्वजारोहण के उपरांत सांस्कृतिक गतिविधि समिति की संयोजिका श्रीमती सुरक्षा द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत की गई ।छात्राओं ने देशभक्ति गीत ,कविताएं गाकर व नारे लगाकर सारे वातावरण को देशभक्ति की भावना से भर दिया। विभिन्न देशभक्ति गीतों पर नृत्य भी प्रस्तुत किए गए। श्रीमती सुरक्षा ने सभी प्राध्यापक को व छात्राओं का धन्यवाद देकर कार्यक्रम का समापन किया। उन्होंने हमारे सैनिकों की सर्वोच्च बलिदान के बारे में भी बताया। इस अवसर पर सभी शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।





Seen

Principal 21-8-24
Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr.

16/08/2024

Ravinder 16/8/24

# महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय, पिल्लूखेड़ा (जींद)

Activity Report

क्रमांक न0:- 3031 दिनांक:- 21/09/2024

महर्षि जमदग्नि राजकीय महिला महाविद्यालय पिल्लू खेड़ा में दिनांक 06-09-2024 , शुक्रवार को प्राचार्या डॉ रचना शर्मा के निर्देशन व कार्यकारी प्राचार्या श्रीमती वविता पवार की अध्यक्षता में एनएसएस ईकाई का ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य प्रवक्ता एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर जयविंद्र शास्त्री ,सहायक प्राध्यापक संस्कृत (राजकीय महाविद्यालय सफीदो) ने शिरकत की।उन्होंने कालेज की एनएनएस सेविकाओ को एनएसएस के महत्व को बताते हुए कहा कि हमारे व्यक्तित्व के विकास में एन एस एस का होना कितना महत्वपूर्ण है। उन्होंने छात्राओं को एन.एस.एम की सभी गतिविधियो के बारे मे विस्तार से जानकारी दी। एनएसएस अधिकारी डॉक्टर जयविंद्र ने कहा कि एनएसएस संगठन की शक्ति राज्य व देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देती है और साथ ही वहुत से उदाहरण भी प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि कैसे आर डी कैम्प,एन आई सी कैंप, एडवेंचर कैंप व अन्य सभी प्रकार के कैम्पो मे बच्चो मे व्यक्तित्व विकास,सहयोग की भावना व अन्य गुनो को वढावा मिलता है।मुख्य प्रवक्ता ने बताया कि युवा पीढ़ी को राष्ट्र निर्माण में सबसे आगे होना चाहिए और उन्होंने हमें समाज सेवा का महत्व भी बताया।प्राचार्या श्रीमाती बवीता पवार ने कहा कि एनएसएस के नए सदस्यों के लिए यह ओरिएंटेशन कार्यक्रम बहुत महत्वपूर्ण हैं और निश्चित ही आगे विद्यार्थियों को मदद करेगा । श्रीमती रविंद्र एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ने मुख्य प्रवक्ता का तहेदिल से धन्यवाद किया।इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

Ravinder
(Convenor)

प्राचार्य 21/09/24
Principal
Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr.

Scanned with OKEN Scanner

# महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय, पिल्लूखेड़ा (जींद)

## Activity Report

क्रमांक नं0:-3032          दिनांक:- 21/9/2024

दिनांक 17 09 2024 को राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में प्राचार्या डॉक्टर रचना शर्मा राजकीय महाविद्यालय के निर्देशन में व कार्यकारी प्राचार्या श्रीमती बबीता पवार की अध्यक्षता मे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदाता जागरूकता रैली व शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रविंदर के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना व वोटर क्लब द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय कार्यकारी प्राचार्या श्रीमती बबीता पवार ने कहा कि जींद जिला में विद्यार्थियों की राजनीतिक सहभागिता और विशेषकर छात्राओं की सहभागिता उपेक्षाकृत कम है. अंत महाविद्यालय और दूसरे विभागों का यह दायित्व बनता है कि वो मतदान के विषय में विद्यार्थियों और समाज के नागरिकों को जागरूक करें तथा लोकतंत्र को सफल बनाने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें. मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रविंदर ने बताया कि लोकतंत्र को सबसे ज्यादा मजबूती युवा प्रदान करता है तथा वो अपने मुद्दों को तभी सशक्त रूप में शासन व्यवस्था के सामने उठा पाएगा जब वह लोकतंत्र के इस अवसर में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर परंपरावाद से बाहर निकाल कर महाविद्यालय छात्राओं को आगे आते हुए अपना मतदाता पहचान पत्र बनवाना है तथा निर्वाचन के समय अपने मत का प्रयोग करना है. महाविद्यालय स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत समय-समय पर व्याख्यान कार्यक्रम, साइकिल रैलियां और हेल्प डेस्क सेवा का आयोजन किया जा रहा है। रैली में महाविद्यालय के लगभग 100 छात्राओं ने भाग लिया और "उम्र 18 पूरी है वोट बनवाने जरूरी है, आपका मतदान लोकतंत्र की जान, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो" जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने, मतदाता पहचान पत्र बनवाने और समय आने पर मतदान का प्रयोग करने का आह्वान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय कार्यकारी प्राचार्या बबीता पवार ने विद्यार्थियों को मोटिवेट किया तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक अधिकारी श्रीमती रविंद्र ने लोकतंत्र की सफलता के लिए इस सक्रिय प्रयास हेतु छात्राओं और कार्यक्रम में उपस्थित सहायक प्राध्यापकों, नॉन टीचिंग स्टाफ को धन्यवाद दिया।

Raivinder
(Convener)

Principal
Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls

Scanned with OKEN Scanner

# महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय, पिल्लूखेड़ा (जींद)


## Activity Report

क्रमांक नं0:- 3030

दिनांक:- 21/09/2024

महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लुखेड़ा (जींद) में प्राचार्या डॉ रचना शर्मा के निर्देशन में व कार्यकारी प्राचार्या श्रीमती बबीता पवार की अध्यक्षता में एनएसएस और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कलवा के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत एक से 19 साल के सभी बच्चों और किशोर किशोरियों को कृमि नियंत्रण की दवाई एल्बेंडाजोल दी गई। कार्यकारी प्राचार्या ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह दवाई 20 साल से कम लड़कियों के लिए वरदान है। इस दवाई से सभी बच्चों के पेट के कीड़े समाप्त हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि कृमि संक्रमण से बच्चों में कुपोषण और खून की कमी हो जाती है जिसके कारण हमेशा थकावट होती है तथा बच्चों का संपूर्ण शारीरिक और मानसिक विकास नहीं हो पाता।एनएसएस की संयोजिका श्रीमती रविंद्र में कृमि संक्रमण को रोकथाम के लिए अनेक उपाय बताए जैसे कि आसपास सफाई रखनाएसाफ पानी से फल और सब्जियों को धोकर खानाए हमेशा साफ पानी पीनाए खाने को ढक कर रखनाए नाखून साफ करना व छोटे रखनाए खाना खाने से पहले साबुन से हाथ धोना आदि महिला प्रकोष्ठ संयोजका श्रीमती सुरक्षा ने बताया कि सरकार 18 सितंबर 2024 को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मना रही है। इस योजना के तहत सभी स्कूलोंएकॉलेज व आंगनवाड़ी केंद्र में निशुल्क दवाई खिलाई जाएगी। इस मौके पर महाविद्यालय का शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक स्टाफ मौजूद रहा।

दैनिक भास्कर जींद भास्कर 19-09-2024




### कृमि संक्रमण से हो जाती है, बच्चों में कुपोषण

अलेवा। महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में प्राचार्य डॉ. रचना शर्मा व कार्यकारी प्राचार्य बबीता पवार की अध्यक्षता में एनएसएस और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालवा के तत्वाधान में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान एक से 19 साल के बच्चों और किशोर-किशोरियों को एल्बेंडाजोल की टेबलेट दी गई। कार्यकारी प्राचार्या ने बताया कि कृमि संक्रमण से बच्चों में कुपोषण और खून की कमी हो जाती है। इसके कारण हमेशा थकावट होती है और बच्चों का संपूर्ण शारीरिक और मानसिक विकास नहीं हो पाता।

Ravinder
Convener

प्राचार्य
Principal
Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr.

# महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय, पिल्लुखेड़ा जीन्द

## Activity Report

## Electoral club and NSS

Poster making competition:-

दिनांक 21 सितंबर 2024 को महर्षि जमदग्नि राजकीय महिला महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में डॉ रचना शर्मा के निर्देशन में व कार्यकारी प्राचार्या श्रीमती बबीता पवार की अध्यक्षता में इलेकटोरल क्लब व राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वाधान में मतदाता जागरुकता अभियान के अंर्तगत " चुनाव का पर्व प्रदेश का गर्व" विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। प्रतियोगिता में 20 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया। कार्यकारी प्राचार्या श्रीमती बबीता पवार ने बताया कि लोकतंत्र में युवा मतदाताओं की भूमिका काफी अहम होती है। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका श्री संजय कुमार ( सहायक प्राध्यापक हिंदी), श्रीमती सुरक्षा (सहायक प्राध्यापिका गणित) और श्री रजत सहायक प्राध्यापक वाणिज्य ने की। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निशु बीए तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान प्रीति बीए द्वितीय वर्ष व तृतीय स्थान हर्षिता बीए तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया। इलेक्टोरल क्लब अधिकारी श्री रमेश कुमार ने कहा कि स्वस्थ और विकसित लोकतन्त्र के लिए मतदाताओं की जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। इसलिए जिन छात्राओं का पहली बार वोट बना है, वे राष्ट्र और लोकतंत्र की मजबूती के नाम पर मतदान अवश्य करें। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रविंद्र ने बताया कि युवा किसी भी राष्ट्र की रीढ़ होती है तथा युवा को अपने वोट का सही इस्तेमाल करना चाहिए ताकि एक अच्छे लोकतंत्र की स्थापना की जा सके। इसके पश्चात श्रीमति बबीता पवार ने मतदान के ऊपर छात्राओ को महत्वपूर्ण जानकारी दी और छात्राओ को जागरूक होकर अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर महाविद्यालय स्टाफ के सभी शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

Seen
11.10.24

Convenor
Ravinder
21/9/24

Principal
Principal
Maharshi Jamdagni
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr.

Scanned with OKEN Scanner

# महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय, पिल्लुखेड़ा जीन्द

## Activity Report

Dated:-22 Sep,2024

NSS One day camp Report

दिनांक **22-09-2024** को महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय ,पिल्लु खेड़ा में प्राचार्या डॉ रचना शर्मा के निर्देशन में राष्ट्रीय स्वयंसेवासेवा योजना के तत्वाधान में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आरंभ एन एस एस के गीत के साथ किया गया। सबसे पहले एकदिवसीय शिविर में एन एस एस की स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय प्रांगण , स्कूल प्रांगण की जमकर साफ- सफाई की व सभी स्वयं सेविकाओं ने साफ -सफाई करते समय बहुत जोश व उत्साह दिखाया। श्रीमती रविंद्र जी ने सभी स्वयं सेविकाओं को एन एस एस के बारे में जानकारी दी। नेहरू युवा केन्द्र के सहयोग से एन एस एस की स्वयं सेविकाओं ने रेलवे स्टेशन,हॉस्पिटल, पार्कों व आंगनवाड़ी की जमकर साफ सफाई की। स्वयं सेविकाओं ने पीलूखेड़ी गांव वासियों को साफ सफाई के लिए प्रेरित किया तथा उन्हें सफाई का महत्व बताया। कार्यक्रम अधिकारीश्रीमती रविंद्र ने एन एस एस की स्वयं सेविकाओं को भारत पोर्टल के बारे में पूर्ण जानकारी दी व बहुत- सी स्वयं सेविकाओं का रजिस्ट्रेशन भी करवाया। इसके पश्चात मतदाता जागरूकता अभियान की थीम पर स्लोगन भी लिखवाएं गए व एन एस एस की स्वयं सेविकाओं ने कैंडल रैली के द्वारा घर-घर जाकर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया और चुनाव का महत्व समझाया। श्रीमती रविंद्र ने छात्राओं को अपना वोटर आईडी कार्ड बनवाने के लिए भी प्रेरित किया। सभी कार्य संपन्न करने के पश्चात सभी स्वयंसेविकाओं को रिफ्रेशमेंट दी गई। एकदिवसीय शिविर का समापन एन एस एस गीत के साथ किया गया।





Seen
Sharma
11.10.24

Ravinder 22/9/24
NSS PO

प्राचार्या
Principal
Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr.


Scanned with OKEN Scanner


# महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय, पिल्लुखेड़ा जीन्द

## Activity Report

Celebation of NSS Foundation day Dated:-24 Sep,2024

दिनांक 24 सितंबर, 2024 को महर्षि जमदग्नि राजकीय महिला महाविद्यालय पिल्लू खेड़ा में प्राचार्या डॉक्टर रचना शर्मा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना स्थापना दिवस मनाया गया । कार्यक्रम में मुख्य वक्ता की भूमिका श्रीमती बबीता पवार (सहायक प्राध्यापिका वाणिज्य विभाग) ने निभाई। सबसे पहले राष्ट्रीय स्वयं सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रविंद्र ने सभी का कार्यक्रम में पहुंचने पर स्वागत किया व स्वयं सेविकाओं को राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना स्थापना दिवसकी बधाई दी।मुख्य वक्ता ने बहुत ही बढ़िया ढंग से छात्राओं को एनएसएस की स्थापना दिवस के बारे में बताया की राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना की शुरुआत कैसे और किसके द्वारा हुई। राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना की शुरुआत का मुख्य विचार हमारे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों से अभिप्रेरित है ।राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना की स्थापना तत्कालीन शिक्षा मंत्री डॉ वी के आर वी राव द्वारा 24 सितंबर 1969 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 100वी पुण्यतिथि के अवसर पर की गई थी ।मुख्य वक्ता ने राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना के लोगों स्वयं से पहले आप के बारे में भी बच्चों को विस्तार से समझाया कि उन्हें खुद से पहले समाज को कैसे आगे रखना है तथा समाज सेवा में भी किसी प्रकार से अपना योगदान देना है । प्राचार्या डॉक्टर रचना शर्मा ने भी छात्राओं को समाज सेवा में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया उन्होंने छात्रों को बताया कि कैसे वे समाज सेवा में व देश सेवा में अपना योगदान दे सकते हैं ।अंत में कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रविंद्र ने प्राचार्य डॉक्टर रचना शर्मा, मुख्य वक्ता व अन्य उपस्थित स्टाफ सदस्यों का धन्यवाद किया।





Seen
11-10-24

Rainder
(NSS PO) 24/9/24

Principal
Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr.

# महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय, पिल्लुखेड़ा जीन्द

## Activity Report

NSS And Red cross :-

Celebration of poshan maah:-

दिनांक 26 सितंबर 2024 को महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा (जींद ) में प्राचार्या डॉ रचना शर्मा के निर्देशन में व कार्यकारी प्राचार्या श्रीमती बबीता पवार की अध्यक्षता मे राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना इकाई व एंटी ड्रग सेल के तत्वाधान में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत किशोर स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर "मित्रता क्लीनिक" व एंटी ड्रग जागरूकता सेमिनार के माध्यम से किशोरियों के लिए विशेष सलाह एवं जांच केंद्र का आयोजन किया गया। जिसमें सीएचसी कालवा से आई डॉ कुलदीप ( काउंसलर ) व उनकी स्वास्थ्य विभाग की टीम ने महाविद्यालय की सभी छात्राओं को किशोरावस्था में होने वाले बदलाव के बारे में अवगत कराया और महत्वपूर्ण जानकारियां दी । राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना की संयोजिका श्रीमती रविन्द्र ने महाविद्यालय पहुंचने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम का स्वागत किया। डॉ कुलदीप सिंह काउंसलर ने छात्राओं को खून की कमी के कारण, लक्षण, उपाय व बचाव के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसके लक्षण कमजोरी आना, पढ़ाई में मन नहीं लगना, नाखून व आँखें सफेद होना मुख्य लक्षण है। इससे बचाव के लिए संतुलित भोजन व मौसम के अनुसार उपलब्ध फल व सब्जी का सेवन करना चाहिए। पालक, गाजर, चकुंदर, गुड़, चना दाल आदि का सेवन करना चाहिए ताकि हमारे शरीर में आयरन की कमी पूरी हो सके। इनके सेवन से शरीर की बीमारियां भी ठीक होती है। किशोरावस्था में बदलाव, एनीमिया,नशा,एड्स,मानसिक स्वास्थ्य, माहवारी व किशोरावस्था में पोषण आदि विषयों पर विशेष रूप से चर्चा की ।कार्यकारी प्राचार्या श्रीमति बबीता पवार ने भी छात्राओं को बताया कि नशा एक सामाजिक कुरीति है और इसने बहुत से घरों को बर्बाद किया है । श्रीमति रविंद्र ने भी छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी एवं डॉ कुलदीप व उनकी टीम का धन्यवाद किया। आशा जी ने छात्राओं के साथ किशोरावस्था संबंधी विचार विमर्श किया और किसी भी समस्या के समाधान हेतु सीएचसी कालवा आने को कहा। इस मौके पर महाविद्यालय का शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ मौजूद रहा।




Ramesh
26/9/24

Seen
11.10.24

Principal
Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr.

Scanned with OKEN Scanner


# महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय, पिल्लूखेड़ा (जींद)

## Activity Report

क्रमांक नं0:- दिनांक:-

दिनांक 28.10.2024 को महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय एपिल्लु खेड़ा में प्राचार्या डॉ रचना शर्मा के निर्देशन में राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना के तत्वाधान में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रविंद्र ने की।शिविर का आरंभ एन एस एस लक्ष्य गीत के साथ किया गया। सबसे पहले एकदिवसीय शिविर में एन एस एस स्वयं सेविकाओं ने दीपावली के अवसर पर महाविद्यालय प्रांगण व राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पिल्लू खेड़ा की जमकर साफ- सफाई की। इसके बाद छात्राओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से एक व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रिटोली से राष्ट्रीय स्तरीय प्रशिक्षक व प्राध्यापिका पद पर कार्यरत श्रीमती दिव्या मंदोत्रा ने मुख्य वक्ता के तौर पर शिरकत की। एनएसएस की स्वयं सेविकाओं ने एनएसएस की तालियों के साथ उनका स्वागत किया।उन्होंने एन एस एस की स्वयं सेविकाओं को शिक्षा के महत्व व व्यक्तित्व विकास के बारे में बताया। उन्होंने विभिन्न कहानियों के माध्यम से व बहुत रोचक ढंग से छात्राओं को पॉजिटिव एटीट्यूड व अनुशासन का महत्व समझाया। कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रविंद्र जी ने उनका महाविद्यालय परिवार की ओर से धन्यवाद किया ।श्रीमती रविंद्र जी की अध्यक्षता में बहुत- सी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें दिया सजावटए मेहंदी लगाओ व व्यर्थ पदार्थों का सदुपयोग आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। दिया सजावट प्रतियोगिता में 30 ए मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता में 25 व अपशिष्ट सर्वोत्तम में 15 स्वयं सेविकाओं ने भाग लिया। सभी कार्य संपन्न करने के पश्चात सभी स्वयं सेविकाओं को रिफ्रेशमेंट दी गई।






Ravinder
28/10/2024

Principal प्राचार्य
Maharshi Jamadagni
Govt. C...
Pillu K...

# महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय, पिल्लूखेड़ा (जींद)

## Activity Report

पत्र क्रमांक 3012 दिनांक :- 21-11-24

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद में उच्चतम शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा प्रायोजित सप्त दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर 12 से 18 नवंबर 2024 तक आयोजित किया गया ।जिसमें प्राचार्या डॉक्टर रचना शर्मा के निर्देशन में राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लू खेड़ा की ओर से दो छात्राओं प्रतिभा b.a. सेकेंड ईयर दुर्गा बी.ए.सेकंड व कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रविंदर ने भाग लिया ।शिविर में पूरे देश के चौदह राज्यों से व 34 विश्वविद्यालयों से स्वयंसेवको एवं कार्यक्रम अधिकारियों ने भाग लिया ।शिविर का उद्देश्य स्वयंसेवकों मे राष्ट्र प्रेम ,देश प्रेम, राष्ट्र सेवा व आपसी सहयोग की भावना का विकास करना होता है ।प्रतिदिन शिविर की शुरुआत 6:00 बजे भजन एवं योगा के साथ की जाती है तत्पश्चात स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व विकास, चरित्र विकास,व उनमे समाज सेवा की भावना भरने के लिए विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है ।शिविर के प्रथम दिन मुख्य अतिथि के तौर पर स्वदेशी जागरण मंच से श्रीमान सतीश जी ने शिरकत की और कहां स्वयंसेवक समाज में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। स्वयसेवक स्थानीय समाज सेवा के कार्यों में भाग लेते हैं जैसे गरीबों की मदद करना जरुरतमंद को खाना कपड़े और शिक्षा प्रदान करना ।शाम के समय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है जिसमें समूह के अनुसार बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेते हैं व विभिन्न राज्यों के स्वयंसेवक भी संस्कृति कार्यक्रमों द्वारा अपने प्रदेश की संस्कृति का प्रदर्शन करते हैं। केरल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु ,पश्चिम बंगाल ,उत्तर प्रदेश, हरियाणा पंजाव, चंडीगढ ने ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी राज्यो की संस्कृति एवं विभिन्न रीति-रिवाज को दर्शाया। शिविर की छठे दिन रविवार 17 नवंबर 2024 को सभी स्वयंसेवकों को धर्मनगरी कुरुक्षेत्र भ्रमण पर ले जाया गया। जहां पर ब्रम्ह सरोवर ,पेनोरमा, श्री कृष्ण संग्रहालय, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय , शक्तिपीठ के दर्शन विभिन्न राज्यों से आए हुए स्वयंसेवको और कार्यक्रम अधिकारियों को करवाए गए। शिविर के अंतिम दिन 18 नवंबर 2024 को समापन कार्यक्रम में विद्या भारती उत्तर भारत के संगठन मंत्री विजय नड्डा जी ने मुख्य अतिथि के तोर पर शिरकत की ।श्रीमान नड्डा ने कहा कि जिस प्रकार स्वयंसेवक अपनी दिनचर्या का पालन करते हैं उसी प्रकार वे भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े हुए हैं वहां की दिनचर्या भी बहुत ही समय बद्ध है व सेवको को शारीरिक और मानसिक तोर पर मजबूत बनाने के साथ-साथ भारत के युवा में राष्ट्रीयता का भाव भरने का काम करती है। उन्होंने कहा कि आज के युवा वर्ग में मजबूत संकल्प का ,देश की सेवा का ,गरीब और शोषित वर्ग को ऊपर उठाने का नशा होना चाहिए। भारत सरकार का मिशन 2047 भारत को विश्व गुरु वनाने के लिए कार्य कर रहा है। इसके लिए भारत के युवाओं की आवश्यकता सबसे ज्यादा है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर रणपाल सिंह ने कहां शिविर में विभिन्न राज्यों से आए विद्यार्थियों ने हरियाणा के परिवेश को समझा विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना

राज्य अधिकारी श्री दिनेश कुमार ने कहा कि कोरोना काल में जब दुनिया मरने के डर से अपने घर के अंदर बैठी हुई थी उस समय nss वालंटियर दुनिया को बचाने में लगे हुए थे। उन्होंने सभी युवाओं को नशे से दूर रहने व मोबाइल का सदुपयोग करने का आहवान किया। विभिन्न राज्यों से आए हुए स्वयंसेवकों व कार्यक्रम अधिकारियों की भावभीनी विदाई के साथ शिविर का समापन समारोह संपन्न हुआ। -




Ravinder

Principal
Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr.

Scanned with OKEN Scanner

# महर्षि जमदग्नि राजकीय महिला महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा (जींद)

## एक्टिविटी रिपोर्ट

**Dated 26 November 2024**

महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा जींद में प्राचार्या डॉक्टर रचना शर्मा के निर्देशन में राजनीति विज्ञान और इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय स्तरीय एकदिवसीय स्टूडेंट सेमिनार और राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत शपथ का आयोजन संविधान दिवस के उपलक्ष में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यकारी प्राचार्या श्रीमती बवीता पवार की अध्यक्षता में हुआ । कार्यक्रम के संयोजक श्री रमेश कुमार ने बताया कि महाविद्यालय में इस इस प्रकार के विषयों पर सेमिनार करवाने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों में संवैधानिक व्यवस्था के प्रति जागरूकता को कायम करना तथा विभिन्न संवैधानिक मूल्यों से परिचित करवाना होता है ताकि विद्यार्थी अपने व्यवहारिक जीवन का निर्वाह संवैधानिक मूल्य के तत्वावधान में कर सके और संवैधानिक व्यवस्था का फायदा उठा सके क्योंकि संवैधानिक व्यवस्था व्यक्ति के सार्वभौमिक जीवन को प्रभावित करती है। विद्यार्थी के लिए संवैधानिक और राजकीय व्यवस्था से परिचित होना नितांत आवश्यक है। संविधान को पढ़ने और समझने के बाद ही हम विभिन्न शासन प्रणालियों में तुलनात्मक अध्ययन करने में सक्षम रहते हैं। वर्तमान समय में विद्यार्थियों को संविधान में वर्णित मौलिक अधिकारों व कर्तव्यों का बोध होना भी नितांत आवश्यक है। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की लगभग 40 छात्राओं ने संवैधानिक व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं और आयामों पर प्रजेंटेशन के माध्यम से अपने विचार प्रकट किया जिसमें मुख्य तौर पर भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन, भारतीय संविधान का ऐतिहासिक विकास, संविधान सभा, भारतीय संविधान में हमारे आदर्श, लक्ष्यों और सिद्धांतों से परिचित करवाने वाली प्रस्तावना, संविधान में वर्णित मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य, राज्य नीति के निदेशक तत्व तथा हमारे शासन को संचालित करने वाले संसदीय और संघात्मक व्यवस्था और संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर रहे। विद्यार्थी ने इन विषयों के विभिन्न पहलुओं और आयामों पर बारीकी से प्रकाश डाला और विषय की गंभीरता को दर्शाया । कार्यक्रम के सहसंयोजक इतिहास विभाग अध्यक्ष श्री ग्रीन कुमार ने बताया कि महाविद्यालय की छात्राओं को इस प्रकार की गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए । कार्यकारी प्राचार्य श्रीमती बवीता पवार ने कहा कि संवैधानिक व्यवस्था और शासन तंत्र व्यक्ति के जीवन को सबसे ज्यादा प्रभावित करता है इसलिए हमें इस व्यवस्था के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानकारी होना आवश्यक है ताकि अज्ञानता के कारण हमारा विकास अवरुद्ध न हो और हम किसी न किसी प्रकार के शोषण, अन्याय,असमानता में जीवन व्यतीत न करें । प्रतियोगिता से महाविद्यालय की लगभग 100 छात्राएं लाभान्वित में हुई कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को भारतीय संविधान में वर्णित प्रस्तावना की शपथ दिलाई और प्रस्तावना का अनुपालन करने के निर्देश दिए।कार्यक्रम में इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक श्री संजय कुमार, श्री संजीव टंडन, संजीव सहायक व महाविद्यालय का समस्त शैक्षिक और गैर शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा ।






**संविधान को समझने के बाद ही शासन प्रणालियों के तुलनात्मक अध्ययन करने में रहते हैं सक्षम : रचना शर्मा**

Seen

Principal
Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr.

Scanned with OKEN Scanner


# कार्यालय प्राचार्या, राजकीय कन्या महाविद्यालय ,पिल्लूखेड़ा (जींद)

## Activity Report

दिनांक 05-12-2024 को महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय ,पिल्लु खेड़ा में प्राचार्या डॉ रचना शर्मा के निर्देशन में व कार्यकारी प्राचार्या श्रीमती बबीता पवार की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना , महिला प्रकोष्ठ व यूथ रैड क्रास के तत्वाधान में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पीएचसी रझाना से डॉक्टर अनुषा (मेडिकल ऑफिसर ) , श्री कुलदीप काउंसलर सी. एच. सी. कालवा व उनकी टीम ने महाविद्यालय की सभी छात्राओं का खून टेस्ट, हाइट व वजन का व शुगर टेस्ट भी किया। राष्ट्रीय सेवा योजना की संयोजिका श्रीमती रविंद्र ने महाविद्यालय पहुंचने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम का स्वागत किया। डॉ अनुषा ने छात्राओं को खून की कमी के कारण लक्षण उपाय व बचाव के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसके लक्षण कमजोरी आना, पढ़ाई में मन नहीं लगना, नाखून सफेद होना है। इससे बचाव के लिए संतुलित भोजन व मौसम के अनुसार उपलब्ध फल व सब्जी का सेवन करना चाहिए। पालक, गाजर,चुकंदर, गुड़, चना व दाल आदि का सेवन करना चाहिए ताकि हमारे शरीर में आयरन की कमी पूरी हो सके। इनके सेवन से शरीर की बीमारियां भी ठीक होती हैं। काउंसलर श्री कुलदीप जी ने भी छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी उन्होंने छात्राओं को बताया कि कैल्शियम और आयरन की टैबलेट्स का प्रयोग कैसे करना है एवं उन्होंने छात्राओं को यह भी बताया कि सीएचसी कलवा में सीबीसी की मशीन चेकअप के लिए आ चुकी है जिससे अब छात्राओ को बुखार के चेकअप के लिए किसी प्राइवेट हॉस्पिटल में जाने की आवश्यकता नहीं है ।कालवा की अन्य सुविधाओं के बारे में भी उन्होंने छात्राओं से जानकारी सांझा की। कार्यकारी प्राचार्या श्रीमती बबीता पवार ने भी छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी । महिला प्रकोष्ठ प्रभारी श्रीमती सुरक्षा ने डॉ अनुषा व उनकी टीम का धन्यवाद किया। डॉ अनुषा ने छात्राओं से उनकी समस्याएं पूछी और उनका निदान किया और अपना कांटेक्ट नंबर भी छात्राओं के साथ शेयर किया और किसी भी समस्या के समाधान हेतु पीएचसी रझाना आने को कहा। इस मौके पर महाविद्यालय का शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक स्टाफ मौजूद रहा।





**छात्राओं को खून की कमी के कारण, लक्षण और बचाव की जानकारी दी**



**पिल्लूखेड़ा कन्या महाविद्यालय में लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर**

Ravinder

Principal 09.1.25

Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr.

# महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा

## Activity Report

## Women Cell( Yoga Training)

## Date:- 20th -25th , 27th January 2025

महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा जींद में प्राचार्या डॉ रचना शर्मा के निर्देशन में कार्यकारी प्राचार्य डॉ रमेश कुमार की अध्यक्षता में महिला प्रकोष्ठ व योगा क्लब के तत्वाधान में आज दिनांक 20/01/2025 से 7 दिवसीय योग कार्यशाला का आयोजन किया गया।इस कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में श्रीमान रोहतास आर्य, योग गुरु, जी को बुलाया गया। महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका श्रीमती सुरक्षा जी ने श्रीमान रोहतास जी का महाविद्यालय प्रांगण में पहुंचने पर उनका स्वागत किया।श्रीमती सुरक्षा ने अपने संबोधन में छात्राओं को बताया कि योग हमारे लिए मानसिक व शारीरिक रूप से जरूरी है तथा हमें योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए।श्रीमान रोहतास जी ने गायत्री मंत्र से योगा की शुरुआत की। इसके बाद बच्चों को विभिन्न प्रकार के योग के बारे में समझाते हुए उनको उनसे होने वाले लाभों के बारे में बताया।उन्होंने सब छात्राओं को समझाया कि हमें अपने बड़े बुजुर्ग,माता-पिता,गुरुजनों का आदर व सम्मान करना चाहिए।योग कार्यशाला में बच्चों के साथ-साथ सभी प्राध्यापकों ने भी योग किया। उन्होंने अनुलोम विलोम व प्राणायाम के महत्व को भी बताया। उन्होंने बताया की शुरुआत मे हमें आसान आसन करने चाहिए,बाद में सूर्य नमस्कार,सर्वांगासन,चक्रासन आदि आसनों का अभ्यास करना चाहिए । हमें अपने चंचल मन को शांत रखना चाहिए। सात दिवसीय योग शिविर के अंतिम दिन(27/01/2025) k सभी छात्राओं में योग प्रतियोगिता करवाई गई तथा विजेता छात्राओं को इनाम स्वरूप एकेडमिक कैलेंडर भेंट किया गया। तथा महाविद्यालय प्रांगण में हवन भी करवाया गया। हवन से वातावरण काफी शुद्ध एवं स्वच्छ हो गया तथा खुशबू पूरे महाविद्यालय प्रांगण में फैल गई। अंत में महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका सुरक्षा जी ने रोहतास आर्य, योग गुरु जी, का धन्यवाद किया। इस मौके

Scanned with OKEN Scanner

अंत में महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका सुरक्षा जी ने रोहतास आर्य, योग गुरु जी, का धन्यवाद किया। इस मौके पर महिला प्रकोष्ठ के सभी साथी मौजूद रहे।



Seen

Principal
Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr.

27/01/2025
(Convener
Women Cell)

Ravinder
(Convener
Yoga Club)

# महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय, पिल्लुखेड़ा जीन्द

दिनांक 12-02-2025 को एन० एस० एस० एडवाइजरी की मीटिंग राखी गई । जिसमे सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि एन० एस० एस० का सात दिवसीय शिविर फरवरी के अंतिम सप्ताह में लगाया जायेगा । प्राचार्य श्री सत्यवान मलिक की अनुमति के बाद 22-02-2025 से 28-02-2025 तक अग्रवाल धर्मशाला पिल्लूखेड़ा में कैंप लगाने का निर्णय लिया गया 22-02-2025 को कैंप कि विधिवत शुरुआत हवन से की गई । कैंप में 54 छात्राओं ने भाग लिया । सात दिवसीय विशेष शिविर कि थीम यूथ फॉर माई इंडिया एंड डिजिटल लिटरेसी रही । सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन डॉ. ओ.पी. गुप्ता (सेवानिवृत प्राचार्य) ने किया । कैंप में श्रीमती योगिता (अधिवक्ता जिला न्यायालय जींद ), डॉ0 तेजवीर सैनी, डॉ0 वीरेंद्र मंदोत्रा, डॉ0 दिव्या मंदोत्रा, श्री नरेश डांडा, सुश्री निशा, श्री कृष्ण आर्य, डॉ0 प्रेमचन्द सुध ने विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर व्याख्यान दिया । उन्होंने नशा मुक्ति, स्वास्थ्य,स्वच्छता आदि विषयों पर व्याख्यान दिए व स्वयं सेविकाओ को आत्मनिर्भर भारत में योगदान करने को प्रेरित किया । शिविर के दौरान स्वच्छता व पर्यावरण सम्बन्धित रेलिया निकली गई । श्रीमान रोह्ताश आर्य जी ने बच्चो को विभिन्न प्रकार के योगासन व प्राणयाम सिखाये । शिविर के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया जिसमे छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया । शिविर के समापन समारोह में मुख्य अतिथि कि भूमिका डॉ0 सुधा मल्होत्रा (सेवानिवृत प्राध्यापिका व समाज सेविका) ने निभाई । उन्होंने छात्राओं को अच्छे व्यवहार, अच्छे व संस्कार व अच्छे चरित्र निर्माण के लिए प्रेरित किया । प्रतियोगिता में विजेता छात्राओं को ईनाम दिए गए । शिविर का समापन एन० एस० एस० लक्ष्य गीत से किया गया ।

Rajinder
18/3/25

Ramesh Kumar
18.03.25

for Principal
Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr.

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय प्राचार्य, महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय , पिल्लूखेड़ा(जींद)

## Activity Report (International Women Day Celebration)

**Date :- 08-March-2025**

दिनांक 8 मार्च ,2025 को महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में प्राचार्य श्री सत्यवान मलिक के निर्देशन में तथा कार्यकारी प्राचार्या श्रीमती बबीता पवार की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार की शुरुआत मे महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका श्रीमती सुरक्षा जी ने श्रीमती बबीता पवार, स्टाफ सदस्यों एवं सभी छात्राओं का स्वागत किया । उन्होंने आज के आधुनिक समाज में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी व कार्य क्षेत्र में बढ़ती भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यकारी प्राचार्या श्रीमती बबीता पवार जी ने महिला सशक्तिकरण के बारे में अपने विचार प्रकट किए। उन्होंने बताया कि प्राचीन समय में भारत में लैंगिक असमानता थी तथा पुरुष प्रधान समाज था। उस समय महिलाओं को परिवार और समाज के द्वारा कई कारणो से दबाया तथा उनके साथ कई प्रकार की हिंसा तथा भेदभाव किया जाता था। उन्होंने छात्राओं को महिला शक्ति के बारे में भी जागरूक किया। छात्रों ने भी महिला सशक्तिकरण पर बहुत सी कविताएं सुनाई। राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना कार्यकारी अधिकारी श्रीमती रविंद्र जी ने विभिन्न सफल महिलाओं के उदाहरण देकर छात्राओं को उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया उन्होंने सभी का कार्यक्रम के सफल आयोजन पर धन्यवाद किया।







Ravinder
8/3/25

I/c Principal
Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr.

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय प्राचार्य, राजकीय कन्या महाविद्यालय ,पिल्लुखेडा(जींद)

## Activities Report

**NSS University Lever Seven Day Camp**

दिनांक :-17 मार्च 2025 से 23 मार्च 2025 तक चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना के तत्वाधान मे एक सप्ताह के विशेष कैंप का आयोजन किया गया। जिसमे महर्षि जमदग्नि राजकीय महिला महाविद्यालय पिल्लू खेड़ा से प्राचार्य श्री सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना यूनिट की आठ स्वयं सेविकाओं ने भाग लिया।शिविर मे सांस्कृतिक, शैक्षणिक और खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस कैंप का उद्देश्य छात्रों को नए कौशल सीखने,टीम वर्क को बढ़ावा देने और उनके व्यक्तित्व विकास में मदद करना था। कैंप के दौरान छात्राओं ने विभिन्न सेमिनार वर्कशॉप्स और प्रैक्टिकल सेशन में भाग लिया। इनमें लीडरशिप स्किल, कम्युनिकेशन टेक्निक्स और करियर गाइडेंस जैसे विषय शामिल थे। साथ ही खेल प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों

ने कैंप को और भी रोचक बना दिया। कैंप के समापन पर एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने अपने प्रदर्शनों की प्रस्तुति दी। विश्वविद्यालय के प्रोफेसर और अतिथियों ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना की और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

इस कैंप ने छात्रों को न केवल नए दोस्त बनाने का मौका दिया बल्कि उन्हें अपने व्यक्तिगत और पेशेवर विकास के लिए भी प्रेरित किया। छात्राओ ने इसे एक यादगार और सीखने भरा अनुभव बताया। कार्यकारी प्राचार्य श्रीमती बबीता पवार ने सभी स्वयंसेविकाओं को शिविर में भाग लेने के लिए बधाई दी तथा उन्हें आगे भी इसी प्रकार कुछ सीखने योग्य कार्य करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया ।उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविर बच्चों के सर्वांगीण विकास में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं ।

Ravinder 24/3/25
NSS PO

Principal
Principal
Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls
(Jind) Hr.

# कार्यालय प्राचार्य, राजकीय कन्या महाविद्यालय ,पिल्लुखेड़ा(जींद)

## Activities Report

**NSS One Day Camp** Date: - **23 March 2025**

दिनांक:- 23 मार्च, 2025 को महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में प्राचार्य श्री सत्यवान मलिक के निर्देशन में राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना के तत्वाधान में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रविंद्र ने की।शिविर का आरंभ एन एस एस लक्ष्य गीत के साथ किया गया। सबसे पहले एक दिवसीय शिविर में एन एस एस सेविकाओं ने महाविद्यालय प्रांगण व राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पिल्लूखेड़ा की जमकर साफ सफाई की। इसके बाद भगत सिंह ,राजगुरु एवं सुखदेव की शहीदी दिवस के उपलक्ष्य मे

स्पीच कॉम्पिटिशन,पोस्टर मेकिंग कंपीटीशन और विश्व क्षय रोग दिवस पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शिविर में 100 से अधिक स्वयं सेविकाओं ने भाग लिया। कार्यकारी अधिकारी श्रीमती रविंद्र जी ने स्वयं सेविकाओं को बताया कि 23 मार्च को प्रत्येक वर्ष शहीदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि यह दिन हमें देशभक्ति तथा बलिदान की प्रेरणा देता है। इसके बाद शहीदी दिवस पर भगत सिंह के सम्मान में श्रद्धांजलि के साथ-साथ पुष्प भी अर्पित किए गए। स्वयं सेविकाओं ने भगत सिंह शहीदी दिवस पर भाषण, गीत व कविताएं सुनाईं। इसके बाद क्षय रोग पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नेहरू युवा केन्द्र जींद से आई स्वयं सेविका अंजू ने स्वयं सेविकाओं को क्षय रोग के बारे में बताया तथा उन्होंने इससे बचाव के उपाय भी बताएं। उन्होंने बताया कि क्षय रोग एक संक्रामक बीमारी है जो सामान्य रूप से फेफड़ों पर आक्रमण करता है। उन्होंने स्वयं सेविकाओं को क्षय रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा इसके निवारण में भूमिका के लिए प्रेरित किया।उन्होंने निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली स्वयं सेविकाओं को पुरस्कारों से सम्मानित किया। इसके बाद कार्यकारी अधिकारी श्रीमती रविंद्र जी ने अंजु का धन्यवाद किया। सभी स्वयं सेविकाओं को रिफ्रेशमेंट दी गई व कैंप का समापन NSS गीत के साथ किया गया

Ravinder
NSS PO


Principal
Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr.

# कार्यालय प्राचार्य, महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय ,पिल्लु खेडा(जींद)

## Activities Report

**ated: 19-04-2025**

ह्र्षि जमदग्नि राजकीय महिला महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में दिनांक 19 अप्रैल. 2025 को प्राचार्य डॉक्टर रणबीर यादव के निर्देशन में त कार्यकारी प्राचार्य श्रीमती वबीता पवार की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वयंसेवक योजना एवं सडक सुरक्षा समिति के तत्वावधान में एक विशे शपथ ग्रहण समारोह तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं एवं आमजन में ट्रैफिक नियमों के पालन के प्रति जागरूकता फैलाना था। उपस्थित छात्राओं. शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने ट्रैफिक नियमों का पालन करने की शपथ ली शपथ में यह संकल्प लिया गया कि वे सड़क पर वाहन चलाते समय हेलमेट पहनेंगे. सीट बेल्ट लगाएंगे. यातायात संकेतों का पालन करेंगे और नशे की हालत में वाहन नहीं चलाएंगे। शपथ ग्रहण के पश्चात भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें छात्राओं ने बढ चढकर भाग लिया। वबीता पवार ने कहा. "सडक सुरक्षा केवल नियमों का पालन नहीं, बल्कि जीवन की रक्षा का संकल्प है।" उन्होंने छात्राओं को वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने की आवश्यकता व महत्व बताया। उन्होंने यह भी बताया कि युवाओं की भागीदारी इस दिशा में किस प्रकार प्रेरणादायक है। सड़क सुरक्षा समिति प्रभारी श्रीमती रविंद्र ने छात्राओं से ट्रैफिक नियमों का अच्छी प्रकार से पालन करने व वाहनों को ध्यान से चलाने की अपील की ताकि आकस्मिक दुर्घटनाओ से बचा जा सके उन्होंने सभी छात्राओं व स्टाफ सदस्य का धन्यवाद किया ।













Ravinder
(NSS PO)

22/4/2025
Principal
Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr.

Scanned with OKEN Scanner

# र्यालय प्राचार्य, महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय ,पिल्लु खेडा(जींद)

## Activities Report

**ted: 25-04-2025**

अप्रैल 2025 को नशा मुक्ति विषय पर हरियाणा सरकार द्वारा साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली मे प्राचार्य डॉक्टर रणवीर सिंह यादव की अध्यक्षता मे महर्षि जमदग्नि राजकीय महिला महाविद्यालय पिल्लुखेड़ा (जिला जींद) की छात्राओ व स्टाफ सदस्यो ने बढ चढकर भाग लिया। इस रैली का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा समाज में स्वास्थ्यपूर्ण और नशामुक्त जीवनशैली को बढ़ावा देना था। रैली की शुरुआत सुबह 7:00 बजे प्रियदर्शिनी इंदिरा गाँधी राजकीय महिला महाविद्यालय जींद से हुई, जिसमें दर्जनों छात्राओं, एन.एस.एस. स्वयंसेवकों, और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने साइकिल चलाते हुए हाथों में 'नशा छोड़ो, जीवन अपनाओ', 'स्वस्थ युवा, समृद्ध भारत' जैसे स्लोगनों वाली तख्तियां ले रखी थीं। मुख्य अतिथि माननीय मुख्य मंत्री श्री नायाब सिंह सैनी ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और कहा, "नशा समाज को खोखला कर रहा है, हमें मिलकर इसके खिलाफ आवाज़ उठानी होगी। इस प्रकार की रैलियां युवाओं में जागरूकता फैलाने का सशक्त माध्यम हैं।" रैली कॉलेज से शुरू होकर मुख्य बाजार, बस स्टैंड और आस-पास के गाँवों से होते हुए आगे रवाना हुई। इस सफल आयोजन ने न केवल नशे के खिलाफ एक सशक्त संदेश दिया, बल्कि छात्राओं के सामाजिक दायित्व और सहभागिता की भावना को भी मजबूती प्रदान की।

Rajinder
(NSS Po)

26/4/2025
Principal
Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr.

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय प्राचार्य, महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय ,पिल्लु खेडा(जींद)

## Activities Report

**Dated: 06-06-2025**

महर्षि जमदग्नि राजकीय महिला महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में दिनांक 6 जून, 2025 को राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना के तत्वाधान में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की अनुपलना के संदर्भ में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर रणवीर यादव ने की जिसमें योग सत्र के साथ-साथ वृक्षारोपण गतिविधि भी की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओ,टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ सदस्यो ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम की शुरुआत सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम से हुई। प्रशिक्षित छात्राओं ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन कराए और उनके लाभों के बारे में जानकारी दी। योग के बाद 'स्वस्थ शरीर, स्वच्छ पर्यावरण' के संदेश को आगे बढ़ाते हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें नीम, पीपल, तुलसी जैसे छायादार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया।

प्राचार्य डॉक्टर रणवीर यादव ने योग का महत्व बताते हुए कहा, "योग न केवल हमारे तन और मन को स्वस्थ रखता है, बल्कि प्रकृति से जुड़ने का भी एक माध्यम है। वृक्षारोपण इस धरती के प्रति हमारा उत्तरदायित्व है।"इस आयोजन ने न केवल लोगों में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाई, बल्कि पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन 'योग करें, पर्यावरण बचाएं' के नारे के साथ हुआ। राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रविंद्र ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने से समाज में पर्यावरण व स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है।

Ravinder
(NSS PO)

RSyadav 07/06/2025
Principal
Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr.

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय प्राचार्य, महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय ,पिल्लु खेडा(जींद)

## Activities Report

**Dated: 12-06-2025**

महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में दिनांक 12 जून, 2025 को राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना के तत्वाधान में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की अनुपालना के संदर्भ में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर रणवीर यादव ने की जिसमें योग सत्र के अंतर्गत ताड़ासन ,वक्रासन, सूर्य नमस्कार आदि आसनन्न व कपालभाति ,अनुलोम विलोम आदि विभिन्न प्रकार के प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओ,टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ सदस्यो ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम की शुरुआत सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम से हुई। प्रशिक्षित छात्राओं ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन कराए और उनके लाभों के बारे में जानकारी दी।प्राचार्य डॉक्टर रणवीर यादव ने योग का महत्व बताते हुए कहा, "योग न केवल हमारे तन और मन को स्वस्थ रखता है, बल्कि प्रकृति से जुड़ने का भी एक माध्यम है। "इस आयोजन ने न केवल लोगों में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाई, बल्कि समाज में यह संदेश भी दिया कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता है कार्यक्रम का समापन 'योग करें, पर्यावरण बचाएं' के नारे के साथ हुआ। राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रविंद्र ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने से समाज में पर्यावरण व स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है।


**पिल्लूखेड़ा के राजकीय स्कूल में किया योग अभ्यास**



पिल्लूखेड़ा में योग अभ्यास करते हुए स्टाफ। • सौ. कालेज

जास • जींद : महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में वीरवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना के तत्वावधान में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डा. रणवीर यादव ने की। इसमें योग सत्र के अंतर्गत ताड़ासन, वक्रासन, सूर्य नमस्कार, कपालभाति, अनुलोम विलोम का अभ्यास करवाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम से हुई। प्रशिक्षित छात्राओं ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन कराए और उनके लाभों के बारे में जानकारी दी। प्राचार्य डा. रणवीर यादव ने कहा कि योग न केवल हमारे तन और मन को स्वस्थ रखता है, बल्कि प्रकृति से जुड़ने का भी एक माध्यम है। इस आयोजन ने न केवल लोगों में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाई, बल्कि समाज में यह संदेश भी दिया कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी रविंद ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने से समाज में पर्यावरण व स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है।




Ravinder
(NSSPO)

Principal
Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr.

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय प्राचार्य, महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय ,पिल्लु खेडा(जींद)

## Activities Report

**Dated: 21-06-2025**

महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा मे 21 जून 2025 को "योग फार वन अर्थ एंड वन हेल्थ" थीम के तहत अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर रणवीर सिंह यादव ने की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओ में शारीरिक. मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन को बढ़ावा देना तथा भारत की प्राचीन योग परंपरा को प्रतिस्थापित करना था । कॉलेज प्रशासन. शिक्षकों एवं छात्राओ की सक्रिय भागीदारी ने इसे एक ऐतिहासिक आयोजन में परिवर्तित किया। महाविद्यालय प्रांगण में छात्राओं. टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ ने छात्रा शीतू के मार्गदर्शन में आसन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया। शीतू ने ताड़ासन .वज्रासन .सूर्य नमस्कार आदि विभिन्न प्रकार के आसनों का अभ्यास कराया एवं उनका हमारे शरीर के लिए महत्व भी बताया ।विभिन्न प्रकार के प्राणायाम जैसे कि अनुलोम विलोम .कपालभाति आदि का भी अभ्यास करवाया गया प्राचार्य डॉक्टर रणवीर सिंह यादव ने योग का महत्व बताते हुए संदेश दिया कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं. बल्कि जीवन की एक दर्शन है। हमारा प्रयास है कि छात्राए इसे अपने व्यक्तित्व विकास और राष्ट्र निर्माण में एक उपकरण के रूप में अपनाएँ। यह कार्यक्रम हमारे शिक्षा के माध्यम से जीवन को बेहतर बनाने के मिशन का प्रतीक है। अंग्रेजी के सहायक प्राध्यापक श्री दीपक कुमार ने बड़े ही प्रभावपूर्ण ढंग से योग का महत्व बताया व योग को जीवन में अपनाने का संदेश दिया उन्होंने कहा कि योग को व स्वस्थ जीवन शैली को अपना कर ही वह आज के समय में स्वस्थ रहा जा सकता है नहीं तो स्वस्थ दिनचर्या के अभाव में आजकल सभी का शरीर बीमारियों का घर बनता जा रहा है ।वाणिज्य विभाग से सहायक प्राध्यापिका श्रीमती बबीता पवार ने छात्राओं को योग को अपने दैनिक जीवन शैली में शामिल करने व करे योग रहे निरोग के नारे को अपने जीवन में अपनाने का संदेश दिया ।राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रविंद्र ने 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की सबको बधाई दी यह बताया कि शारीरिक वह मानसिक स्वास्थ्य है के लिए योग को अपने जीवन में अपनाना बहुत आवश्यक है। योग दिवस ने न केवल छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया. बल्कि उनमें देशभक्ति. अनुशासन और सामुदायिक भावना का संचार भी किया। संस्थान ऐसे आयोजनों को भविष्य में नियमित शैक्षणिक गतिविधियोंसे जोड़ने हेतु प्रतिबद्ध है।

Ravinder
(NSSPO)

Principal
Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls
... (Jind) Hr.

Scanned with OKEN Scanner